**बिहार सरकार**

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/06 दिनांक- 12.07.2026**

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026

**BCECE (PCM / PCB / PCMB)-2026 के संयुक्त मेधासूची के आधार पर सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा के 50% सीटों पर तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2026 के मेधासूची के आधार पर कृषि धारा के 50% सीटों पर सीट आवंटन / नामांकन हेतु Online Counselling से सम्बन्धित सूचना**

विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2026/05 दिनांक 24.06.2026 के क्रम में BCECE-(PCM / PCB / PCMB)-2026 की संयुक्त मेधासूची के आधार पर **बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा / चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों** एवं **कृषि धारा की 50% सीटों पर** तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2026 के मेधासूची के आधार पर **कृषि धारा के 50% सीटों पर** Online Counselling हेतु BCECE (PCM / PCB / PCMB/ CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों / सम्बन्धित संस्थानों को Choice filling एवं अग्रेत्तर Counselling कार्यक्रम हेतु सूचित किया जाता है कि;

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 के आधार पर विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/05 दिनांक- 24.06.2026 द्वारा प्रकाशित मेधासूची (PCM / PCB / PCMB/ CBA/ PCA/ MBA/ MCA) के अभ्यर्थियों का मेधा-सह-विकल्प के आधार पर सीट आवंटन / नामांकन होगा। Online Counselling की प्रक्रिया दिनांक 19.07.2026 से प्रारम्भ होगी।

**BCECE-2026 से संबंधित Online counselling प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थी "Online Portal of BCECE(CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2026 / Online Portal of BCECE(PCM / PCB / PCMB)-2026" पर Click कर Computer Screen पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया को पूरी करें।**

(2) BCECE-2026 के परीक्षाफल के आधार पर BCECE-(PCM / PCB / PCMB)-2026 की संयुक्त मेधासूची के आधार पर **बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा / चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों** एवं **कृषि धारा की 50% सीटों पर** तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2026 के मेधासूची के आधार पर **कृषि धारा के 50% सीटों पर** नामांकन हेतु रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार Seat Matrix पर्षद के website पर उपलब्ध करा दी गयी है।

(3) BCECE-2026 के परीक्षाफल के आधार पर पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का मेधासूची एवं Rank Card पर्षद के Website : bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/05 दिनांक- 24.06.2026 द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है। अभ्यर्थी पर्षद के उक्त वेबसाईट पर जाकर **"Rank Card of BCECE-2026" link पर click करें। तत्पश्चात् "View / Download Rank Card of BCECE-2026" Link पर Click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर Rank Card प्राप्त प्राप्त कर लें। तदोपरान्त अभ्यर्थी कंडिका-(12) में अंकित कार्यक्रम अनुसार Choice filling की प्रक्रिया पूरी करें।**

(4) BCECE-2026 से संबंधित Online Choice filling / Counselling प्रक्रिया हेतु CBA / PCA / MBA / MCA ग्रुप के अभ्यर्थी **"Online Portal of BCECE(CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2026"** एवं PCM / PCB / PCMB के अभ्यर्थी **"Online Portal of BCECE(PCM / PCB / PCMB)-2026"** पर Click करें। तत्पश्चात Online Counselling के लिए BCECE-2026 का Registration No. तथा Password से login करें।

(5) **सफलतापूर्वक login कर लेने के उपरांत अभ्यर्थी अपनी प्राथमिकता अनुसार अधिक से अधिक Colleges एवं Branches का Choice भरें।** Choice भरने के उपरांत अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने Choice को Edit कर सकते हैं । दिये गये Schedule के अनुसार अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choice से अगर संतुष्ट हैं तो अपने choice को Lock कर दें । Choice locking उपरांत अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choices में अगर किसी प्रकार का बदलाव करना चाहते हैं तो वे "Unlock Choices" बटन पर click करें तथा अपने Registered Mobile no. तथा email पर प्राप्त OTP को Authenticate / Verify कर choices में बदलाव निर्धारित अंतिम तिथि तक कर सकते हैं। तदुपरांत अभ्यर्थी अंतिम रूप से भरे गये choices को पुन: lock कर दें। अगर अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना Choice lock नहीं करते हैं तो उनका choice निर्धारित अंतिम तिथि के तुरंत बाद स्वत: Lock हो जायेगा । अंतिम तिथि उपरांत choice में किसी प्रकार के बदलाव का प्रावधान नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये choices का Print-out निकाल कर भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें ।

<u>नोट :</u> **Choice locking एवं Unlocking की प्रक्रिया OTP Authentication के माध्यम से की जायेगी, जिसे अभ्यर्थी के पंजीकृत / Registered मोबाईल नं. एवं email ID पर भेजा जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि पंजीकृत मोबाईल नं. एवं email ID को किसी भी शर्त्त पर बदला नहीं जा सकता है।**

(6) **Online counselling हेतु Choice filling की प्रक्रिया one-time है। इसलिए अगर कोई अभ्यर्थी First Round में Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी को अगले चक्र की Online Counselling हेतु दोबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।**

(7) BCECE-2026 (PCM/PCB/PCMB Group / CBA/PCA/MBA/MCA Group) के आधार पर 2 चक्र की Online Counselling हेतु एक बार ही Choice Filling होगी। अत: अभ्यर्थी प्रथम round Counselling के समय ही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार Choice Fillings प्रक्रिया पूरी कर लें, अन्यथा वे BCECE-2026 के दोनों चक्र के आधार पर नामांकन से बंचित रह जायेंगे जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

(8) अंतिम रूप से भरे गये Choices की List (सूची) Seat Allotment से पूर्व अभ्यर्थी के पंजीकृत email ID पर email के माध्यम से भेज दी जाएगी।

(9) वैसे सभी अभ्यर्थी का, जिन्होंने निर्धारित अंतिम तिथि तक Choice Filling किया है, मेधा–सह–विकल्प के आधार पर Online Seat Allotment किया जायेगा।

(10) अभ्यर्थी अपना सीट आवंटन Result देखने हेतु निर्धारित तिथि से अपने Account में login कर अपना सीट आवंटन result देख सकते हैं। **अगर कोई अभ्यर्थी अपने आवंटित संस्थान एवं Branch से संतुष्ट नहीं है तो Provisional Allotment Order Download करने के क्रम में अगले round के लिए Upgradation हेतु अपनी इच्छा व्यक्त करें।** अगर कोई अभ्यर्थी अगले round की कॉउन्सेलिंग के लिए upgradation हेतु अपनी इच्छा व्यक्त नहीं करते हैं तो उन्हें अगले round की कॉउन्सेलिंग के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

(11) **आवंटित सभी अभ्यर्थी, चाहे उन्होंने Upgradation की इच्छा व्यक्त किया हो अथवा नहीं, द्वारा Download किये गये provisional allotment order में Document Verification / Admission हेतु Reporting / Nodal Centre का नाम एवं तिथि अंकित होगा जिसके अनुसार अभ्यर्थी अपने संबंधित Reporting / Nodal Centre पर निर्धारित तिथि तक जाकर अपना Document Verification करायेंगे । वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने upgradation का option दिया है, वे भी अनिवार्य रूप से अपने Nodal / Reporting Centre पर Document Verification करा कर Verification Slip एवं अपना मूल प्रमाण पत्र (Original Certificate) वापस ले लें। यदि 2nd round में उनका सीट upgrade होता है तो आवंटित सीट पर नामांकन हेतु निर्धारित Reporting / Nodal Centre पर अभ्यर्थी प्रथम चक्र के Document Verification Slip एवं सभी सम्बन्धित वांछित मूल प्रमाण पत्रों के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होंगे, अन्यथा 2nd Round में आवंटित सीट रद्द होते हुए रिक्त हो जायेगा जिसके फलस्वरूप पूर्व (1st Round) की आवंटित सीट भी रिक्त हो जायेगा। लेकिन यदि अभ्यर्थी का प्रथम चक्र की सीट ही Retain रह जाता है तो वे पूर्व आवंटित संस्थान में Document Verification Slip एवं सम्बन्धित सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ Report कर निर्धारित अवधि में Document Verification कराते हुए नामांकन प्रक्रिया पूरी करेंगे, अन्यथा उनका प्रथम चक्र का आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।**

**अगर कोई अभ्यर्थी किसी भी कारणवश प्रथम चक्र की कॉउन्सेलिंग की निर्धारित अवधि तक अपना Document Verification नहीं कराते हैं तो वैसे सभी आवंटित अभ्यर्थियों को अगले चक्र के लिए अयोग्य मानते हुए आवंटित सीट को रिक्त मान लिया जायेगा और वे आगे की कॉउन्सेलिंग हेतु भी अयोग्य हो जायेंगे।** परन्तु अगर प्रथम चक्र में किसी अभ्यर्थी को सीट आवंटन नहीं होता है तो वह अगले Round का इंतजार करेंगे।

**(B) उपरोक्त दोनों चक्र की Online Seat Allotment / Document Verification / Admission उपरान्त अगर सीटें रिक्त रह जाती हैं तो शेष रिक्त सीटों को पर्षद द्वारा आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [BCECE-2026 के आधार पर Mop-up / 3rd Round Counselling आयोजित की जायेगी, जिसका विस्तृत कार्यक्रम यथासमय प्रकाशित किया जायेगा।**

(12) **(A) <u>BCECE (CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2026 के लिए Online Counselling से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं;</u>**

| <u>Sl.</u> | <u>Time Schedule</u> | <u>Date</u> |
|---|---|---|
| 1. | Publication of Rank Card on Board's Website | **Already uploaded** |
| 2. | Seat Matrix posting on website | 13.07.2026 |
| 3. | **Starting date of Online Choice filling** for Seat Allotment | 19.07.2026 |
| 4. | **Last date of Online Choice filling** for seat allotment & locking | 25.07.2026 |
| 5. | **Publication of Round-1 Seat Allotment Result** | 29.07.2026 |
| 6. | Downloading of Allotment order (1st Round) | 29.07.2026 to 03.08.2026 |
| 7. | **Documents Verification and Admission (1st Round)** | 01.08.2026 to 03.08.2026 |
| 8. | **Publication of Round-2 Seat Allotment Result** | 10.08.2026 |
| 9. | Downloading of Allotment order (2nd Round) | 10.08.2026 to 13.08.2026 |
| 10. | **Documents Verification and Admission (2nd Round)** | 12.08.2026 to 13.08.2026 |

**(B) <u>BCECE (PCM / PCB / PCMB [Joint]-2026 के लिए Online Counselling से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं;</u>**

| <u>Sl.</u> | <u>Time Schedule</u> | <u>Date</u> |
|---|---|---|
| 1. | Publication of Rank Card on Board's Website | **Already uploaded** |
| 2. | Seat Matrix posting on website | 13.07.2026 |
| 3. | **Starting date of Online Choice filling** for Seat Allotment | 19.07.2026 |
| 4. | **Last date of Online Choice filling** for seat allotment & locking | 25.07.2026 |
| 5. | **Publication of Round-1 Seat Allotment Result** | 29.07.2026 |
| 6. | Downloading of Allotment order (1st Round) | 29.07.2026 to 03.08.2026 |
| 7. | **Documents Verification and Admission (1st Round)** | 01.08.2026 to 03.08.2026 |
| 8. | **Publication of Round-2 Seat Allotment Result** | 10.08.2026 |
| 9. | Downloading of Allotment order (2nd Round) | 10.08.2026 to 13.08.2026 |
| 10. | **Documents Verification and Admission (2nd Round)** | 12.08.2026 to 13.08.2026 |

(13) **इन्टरनेट व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।**

(14) Document Verification के समय BCECE-2026 के सभी पात्रता प्राप्त आवंटित प्रत्येक अभ्यर्थी निम्नवत् अभिलेखों के साथ अपने निर्धारित Reporting / Nodal Centre पर विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्र / दस्तावेज एवं एक–एक स्वसत्यापित फोटो प्रति के साथ लाना अनिवार्य है।

(i) इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा का (क) प्रवेश–पत्र, (ख) अंक–पत्र तथा (ग) औपबंधिक उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र।

(ii) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) प्रवेश–पत्र, (ख) अंक–पत्र तथा (ग) औपबंधिक प्रमाण–पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।

(iii) बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 के प्रवेश–पत्र (Admit Card) तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छः अतिरिक्त प्रतियाँ ।

(iv) जाति प्रमाण-पत्र ।
(v) आय प्रमाण-पत्र ।
(vi) आवासीय प्रमाण-पत्र ।
(vii) चरित्र प्रमाण-पत्र ।
(viii) विवरण पुस्तिका के पृष्ठ-1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जो लागू हों, यथा- सैनिक कर्मचारी कोटा (SMQ) हेतु विवरण पुस्तिका के अनुसार प्रमाण-पत्र आदि तथा विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विवरण पुस्तिका के अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र आदि।

आरक्षित कोटि का लाभ लेने वाले प्रत्येक उम्मीदवार के लिये आवश्यक है कि वह अपने मूल आवास के अंचलाधिकारी/ राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र, जिसमें उसकी जाति और उसके अनुसार उसकी आरक्षण कोटि का यथा स्थान अवश्य उल्लेख हो, को साक्षात्कार / पात्रता सत्यापन के समय अवश्य जमा करे । उम्मीदवार द्वारा जमा किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्र में उल्लिखित आरक्षण कोटि वही होनी चाहिये जो बी.सी.ई.सी.ई.-2026 में सम्मिलित होने के लिये निर्गत उसके प्रवेश पत्र में उल्लिखित हो।

(ix) Copy of Aadhar Card
(x) BCECE-2026 के लिए online किये गये Application Form (Confirmation Page) की Hard Copy
(xi) Rank Card of BCECE-2026
(xii) Online Counselling हेतु Choice filling करने के उपरांत Choice Slip की प्रति ।
(xiii) Download किये गये Provisional Allotment Order की तीन प्रति ।
(xiv) Verification Slip (जाँच-पर्ची) in 2 copies as downloded alongwith Biometric Form in one copy साक्षात्कार / Document Verification के समय साथ लाना अनिवार्य है।

(15) कॉउन्सेलिंग / Document Verification की तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता [विवरण पुस्तिका की कंडिका-13.5(क) / 14.4(क) / 15.4(क)] के अनुसार उत्तीर्णता आवश्यक है अन्यथा वे नामांकन के हकदार नहीं होंगे।

**परीक्षा नियंत्रक**